**भ्रष्टाचार** अध्यक्ष, सीएमओ, शाखा प्रभारियों पर पूर्व पार्षद ने लगाए आरोप, कलेक्टर को सौंपे आरटीआई दस्तावेज

# नगर परिषद शहपुरा में मस्टर घोटाला

**शहपुरा नवभारत 31 जुलाई।** नगर परिषद शहपुरा में पदाधिकारियों द्वारा मस्टर पर फर्जी नियुक्तियों का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसे पूर्व पार्षद राजेश चौधरी ने प्रशासन के समक्ष उजागर किया है। चौधरी ने कलेक्टर को एक विस्तृत लिखित शिकायत सौंपी है, जिसमें सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के अंतर्गत प्राप्त दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं। इन दस्तावेजों के अनुसार परिषद अध्यक्ष, प्रभारी सीएमओ, शाखा प्रभारी और अन्य अधिकारियों ने मिलकर शासन के नियमों की खुली धज्जियां उड़ाते हुए अवैध नियुक्तियां की हैं, आर्थिक घोटाले को अंजाम दिया है और पारदर्शिता को तिलांजलि दी है। शिकायत में खुलासा हुआ है कि नगर परिषद में बिना किसी सार्वजनिक सूचना, बिना आरक्षण रोस्टर के पालन और बिना आवश्यक दस्तावेजों की जांच के मस्टर कर्मियों को भर्ती किया गया।

### नए चेहरों को मोटी रकम लेकर मस्टर पर रख लिया

इतना ही नहीं, परिषद की बैठक में फर्जी प्रस्ताव तैयार कर उसे पास दिखाया गया और परिषद के नियमित कर्मचारियों को बाहर कर नए चेहरों को मोटी रकम लेकर मस्टर पर रख लिया गया। शिकायतकर्ता ने इस पूरी प्रक्रिया को सुनियोजित भ्रष्टाचार करार देते हुए इसकी सीबीआई या आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराने की मांग की है।

### फर्जी प्रस्ताव और चुपचाप की गई नियुक्तियां

राजेश चौधरी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 9 अप्रैल 2025 की पीआईसी बैठक में एक फर्जी प्रस्ताव क्र. 16 के तहत पास दिखाया गया, जिसमें बिना परिषद सदस्यों की सहमति और जानकारी के मस्टर कर्मचारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। पीआईसी की बैठक 9 अप्रैल की बैठक का एजेंडा जारी किया गया है उसमें मस्टर में भर्ती किये जाने का एजेंडा था ही नही। शिकायत में कहा गया कि यह प्रस्ताव चोरी-छिपे तैयार किया गया और इसके पीछे आर्थिक लेन-देन की भूमिका स्पष्ट है। यह कार्रवाई नगर परिषद की गरिमा, पारदर्शिता और लोक विश्वास पर सीधा हमला है।




### आरटीआई दस्तावेजों ने खोली पोल

शिकायत के साथ आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेजों को संलग्न किया गया है, जिनसे कई विसंगतियां उजागर होती हैं। ऋक्षद्व में प्राप्त प्रश्नांक 01 से 58 तक की जानकारी में यह सामने आया है कि जल प्रदाय हेतु जिन 6 कर्मचारियों की अनुशंसा की गई थी, वहां वास्तव में 8 लोगों को रखा गया। फायर ब्रिगेड के लिए 4 की जगह 2 की नियुक्ति की गई। यह सीधे-सीधे नियुक्तियों में गड़बड़ी और फर्जीवाड़े को दर्शाता है।

### फर्जी कर्मचारियों की भरमार

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जिन कर्मचारियों को मस्टर पर रखा गया है, उनके पास न तो किसी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण पत्र है, न ही कोई तकनीकी प्रशिक्षण। फायर ब्रिगेड में लगाए गए कर्मचारी बिना किसी प्रशिक्षण के नियुक्त किए गए, जिससे जन-जीवन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है, और न ही कोई आवेदन पत्र फाइल में मौजूद है।

### जल प्रदाय विभाग के शाखा प्रभारी ने अपने पुत्र को रखा मस्टर पर

जल प्रदाय विभाग के शाखा प्रभारी शिवकुमार यादव पर आरोप है कि उन्होंने अपने ही पुत्र को अपने ही विभाग में मस्टर पर रखा और उसका भुगतान स्वयं हस्ताक्षर कर निकाला। यह न सिर्फ नैतिकता का उल्लंघन है बल्कि प्रशासनिक प्रणाली के साथ विश्वासघात है। शिकायतकर्ता का दावा है कि ऐसे और भी कई उदाहरण हैं जहां परिषद के पदाधिकारियों ने निजी लाभ के लिए अपने परिजनों को सरकारी नौकरी में भर्ती किया है।

**निधि वितरण के आरोपों को जनपद अध्यक्ष ने बताया बेबुनियाद, पारदर्शिता से काम करने का दावा**

## मेरे खिलाफ रची जा रही है साजिश : ममता सिंह

**चिल्हारी नवभारत 31 जुलाई।** जनपद पंचायत मानपुर की अध्यक्ष ममता सिंह ने अपने खिलाफ चल रही कथित चर्चाओं और जनपद निधि को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुछ अवसरवादी तत्व मेरे तीन वर्षों के सफल कार्यकाल से विचलित हैं और दुर्भावनापूर्ण तरीके से मेरे खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

ममता सिंह ने कहा कि जनपद निधि का वितरण सभी 21 सदस्यों के क्षेत्र में समानता और आवश्यकता के आधार पर किया गया है, और यह पूरा निर्णय प्रक्रिया बैठक उपरांत सदस्यों की सहमति से ही होता है। उन्होंने किसी भी स्तर पर पक्षपात के आरोपों को झूठा और प्रमाणहीन बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर और शपथ पत्र के सहारे अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात की जा रही है,जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है।

### मैं सभी सदस्यों से समान व्यवहार करती हूं

उन्होंने कहा कि मैं सभी सदस्यों से समान व्यवहार करती हूं, और यही कारण है कि आज तक जनपद में सामंजस्य बना रहा। अंत में अध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि वह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधायक मीना सिंह के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा से जनता के हित में काम कर रही हैं और आगे भी निरन्तर करती रहेंगी।

### नागपंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत उमरिया 31 जुलाई।** जिला कलेक्टर परिसर में विराजमान हनुमान मंदिर में श्री राम नाम संकीर्तन के साथ हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान ममता सिंह ने भजन एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद भन्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन भी भन्डारे में सम्मिलित हुए और प्रसाद ग्रहण किया।




## नि:शुल्क शासकीय शव वाहन सेवा का शुभारंभ

**डिंडौरी नवभारत 31 जुलाई।** जनता की सेवा को समर्पित एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत शव-वाहन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, कलेक्टर नेहा मारव्या ने विधिवत रूप से नि:शुल्क शासकीय शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। उक्त दोनों वाहन विधानसभा शहपुरा और विधानसभा डिंडौरी और एक वाहन डिंडौरी मुख्यालय एवं एक वाहन तहसील मुख्यालय शहपुरा में संचालित होंगे, जो किन्हीं कारणों से अस्पताल में मृत्यु हो जाने पर संबंधित शव को उनके घर या शमशान घाट भेजने का काम करेगी। यह सेवा पूर्ण रूप से नि:शुल्क होगी, जो हर व्यक्ति को सरलता के साथ उपलब्ध होगी। यह सेवा केवल जिले के अन्दर ही सीमित होगी।

# बाघ के अवशेषों का होगा डीएनए टेस्ट

**उमरिया नवभारत 31 जुलाई।** जिले के राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के रोहनियां गांव मे बीते दिनों एक ग्रामीण के घर से बाघ के अवशेष मिलने के बाद पकड़े गये आरोपियों से पूंछताछ में नये-नये खुलासे हो रहे हैं। उनकी निशानदेही पर गांव के दो ट्यूबवेलों से जानवर के कई टुकड़े व अंग बरामद किये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक बीटीआर की टीम द्वारा तीनों आरोपियों से अलग-अलग की गई पूछताछ में बाघ को मारे जाने की तारीखों में भिन्नता से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उन लोगों ने एक नहीं बल्कि इससे अधिक वन्यजीवों का शिकार किया है। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि आरोपियों के घर तथा अन्य स्थानों से जब्त किये गये बाघ के अंगों को एसडबल्यूएफएच जबलपुर भेज कर उनका डीएनए टेस्ट कराया जायेगा, ताकि यह पता चल सके कि आरोपियों ने आखिर



कितने बाघों को मौत के घाट उतारा है।

### रिमाण्ड पर लिये गये आरोपी

गौरतलब है कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर विभागीय टीम ने ग्राम रोहनिया में हरदुल बैगा को बाघ के अवशेषों के सांथ गिरफ्तार किया था। हरदुल से मिली जानकारी के बाद इसमे शामिल ओमप्रकाश सिंह पिता गंगे सिंह तथा रामकृपाल सिंह पिता कुंवर सेन सिंह सभी निवासी रोहनियां को भी हिरासत में लिया गया है। जबकि दो अन्य की सघन तलाश की जा रही है। आरोपियों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहतअपराध पंजीबद्ध कर पूंछताछ हेतु उन्हें न्यायालय से रिमांड पर लिया गया है।


### शातिर अपराधी है हरदुल

सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले का मास्टर माईण्ड हरदुल बैगा बेहद शातिर किस्म का आदमी है, जो टोना टोटका में माहिर है। इसी वजह से लोग उससे डरते भी हैं। उसके साथ पकड़े गये आरोपियों का कहना है कि हरदुल का साथ उसके झांसे में आकर दिया था।

# बच्चों ने पौधा रोपण कर मनाया जन्मदिन

**चिल्हारी नवभारत 31 जुलाई।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में श्री राम एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यालय के प्रधानाचार्य का जन्मदिन बच्चों ने लगभग 108 पौधों का रोपण कर मनाया। बच्चों द्वारा विद्यालय प्रांगण से लेकर हनुमंत लला मन्दिर प्रांगण तक पौधों का रोपण किया गया। बता दें कि यह विद्यालय अपने क्षेत्र का अनोखा विद्यालय है। इसमें बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार दोनों ही अनोखे अन्दाज में सिखाएं जाते हैं। विद्यालय के संचालन में समय का ध्यान रखते हुए बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान प्रधानाचार्यद्वारा दिया जाता है।





## प्राथमिक शाला चरगांव में सेवानिवृत्त शिक्षक सोनी को दी बिदाई

**शहपुरा नवभारत 31 जुलाई।** हाईस्कूल पिपरिया और प्राथमिक शाला चरगांव में गुरुवार को शिक्षा जगत से जुड़े समर्पित शिक्षक रामकुमार सोनी को सेवा-निवृत्ति पर भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर हाई स्कूल पिपरिया विद्यालय के स्टाफ द्वारा प्राथमिक शाला चरगांव में एक सम्मान सह बिदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, छात्रों और ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत शिक्षक रामकुमार सोनी के तिलक वंदन और फूलमालाओं से स्वागत के साथ हुई। इसके उपरांत उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही एक आकर्षक एवं जीवनोपयोगी उपहार देकर उनके 24 वर्षों की समर्पित सेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामकुमार सोनी एक कर्मठ, अनुशासनप्रिय, मृदुभाषी व शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने संपूर्ण कार्यकाल में छात्रों को न केवल शैक्षणिक दिशा प्रदान की, बल्कि उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों और अनुशासन की सीख भी दी। वे विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।

## सरपंच के मकान में हाथियों ने की तोड़फोड़

**वन विभाग की टीम, मित्र दल व ग्रामीणों ने हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा**

**चिल्हारी नवभारत 31 जुलाई।** जिले के बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व अंतर्गत ताला पतौर सड़क मार्ग पर स्थित गुरूवाही के सरपंच केपी सिंह के घर को बीती देर रात जंगली हाथियों ने निशाना बनाया। जंगली हाथियों ने सरपंच के घर में तोड़फोड़ की। मामले की भनक लगते ही सरपंच सहित आसपास के रहवासियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और घटना की जानकारी



तत्काल वन विभाग और हाथी मित्र दल को दी गई। वन विभाग, हाथी मित्र दल और ग्रामीणों की मदद से हाथियो को जंगल की ओर खदेड़ा गया। बता दें कि वर्तमान में बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के जंगलों में 70 से 80 जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है।

## स्वच्छता पखवाड़ा का समापन, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**डिंडौरी नवभारत 31 जुलाई।** विगत दिवस जन शिक्षण संस्थान डिण्डौरी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम का आयोजन संस्थान परिसर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के वन्दना से किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि नेहरू युवा केन्द्र के आरपी कुशवाहा एंव समाजसेवी अमर सिंह परमार की उपस्थिति रही।

आशीष तिवारी कार्यकारी निदेशक द्वारा अतिथि स्वागत उपरांत कार्यक्रम के विषय में बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा संस्थान द्वारा विगत वर्ष की भांति




इस वर्ष भी 16 जुलाई से 31 जुलाई तक विविध गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया गया। इसमें जिले के समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर कार्यशाला, गोष्ठी, स्वच्छता रैली, सफाई अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, एंव स्वच्छता आधारित प्रतियोगियाओं का आयोजन किया गया। 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से विशेष प्रशस्ति पत्र एंव पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### दुर्गेश्वरी को विशेष स्वच्छता पुरस्कार दिया गया

इसी क्रम में दुर्गेश्वरी (माही) को विशेष स्वच्छता पुरस्कार प्रदान दिया गया, जिन्होंने मैया अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अन्त में नेहरू युवा केन्द्र आर पी कुशवाहा द्वारा स्वच्छता अभियान की परिकल्पना एंव उददेश्य के विषय में बताया एंव सभी प्रतिभागीयो के साथ स्वच्छता शपथ ग्रहण किया गया। संस्थान परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया। संचालन चन्दन चौहान द्वारा किया गया।

## बाकल थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

**नवभारत, कटनी।** गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर थाना बाकल की थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा और संवेदनशील मामलों में तत्परता ही पुलिस की असली पहचान है। थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल को यह सम्मान गुमशुदा बच्चों की खोजबीन में तत्काल कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**छात्र नाराज** 400 से अधिक छात्र अस्थायी कमरों में कर रहे अध्ययन, बाउंड्री और सड़क निर्माण अधर में

# लोकार्पण को डेढ़ वर्ष बीते, अब तक नए भवन में शिफ्ट नहीं हुआ महाविद्यालय




**समनापुर नवभारत 31 जुलाई।** शासन की शिक्षा को सशक्त और सुलभ बनाने की मंशा को ज़मीनी हकीकत ने फिर कठघरे में ला खड़ा किया है। जनपद मुख्यालय समनापुर में करीब 617.82 लाख रुपये की लागत से बना महाविद्यालय भवन, जिसका लोकार्पण 6 अक्टूबर 2023 को हुआ था, आज डेढ़ वर्ष बाद भी वीरान पड़ा है। इस भवन को निर्माण के तुरंत बाद शासकीय महाविद्यालय समनापुर को सौंपने की घोषणा की गई थी, परंतु अब तक कॉलेज का संचालन पुराने, अस्थायी कमरों में ही हो रहा है, जहां 400 से अधिक विद्यार्थी तमाम असुविधाओं के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। महाविद्यालय भवन की सबसे गंभीर समस्या सुरक्षा से जुड़ी है। भवन के ठीक पीछे पहाड़ी क्षेत्र है, जिससे बारिश के दौरान मिट्टी खिसकने की संभावना लगातार बनी रहती है। पहले भी एक बार दीवार ढह चुकी है, फिर भी बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं हुआ है।कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने लोक निर्माण विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, पर जिम्मेदार अधिकारी विद्यार्थियों की सुरक्षा और पढ़ाई दोनों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

### सड़क से कॉलेज तक पहुंचने में भी खतरा

समनापुर-बम्हनी मुख्य मार्ग से कॉलेज भवन तक का रास्ता लगभग 100 मीटर का है, जिसे पहाड़ी काटकर बनाया गया है। ढलान में बना यह रास्ता मुख्य मार्ग से जुड़ता है, पर वहां अतिक्रमण और मोड़ के कारण वाहन नहीं दिखते, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कॉलेज प्रशासन और स्थानीय लोगों ने सुरक्षित सड़क निर्माण और संकेतक लगाए जाने की मांग की है।

### औपचारिकता निभाने किया गया लोकार्पण

उल्लेखनीय है कि भवन का लोकार्पण उस समय कराया गया था, जब न तो सुरक्षा दीवार बनी थी, न बिजली-पानी की पूरी व्यवस्था और न ही विद्यार्थियों की पहुंच की सड़क तैयार थी। यह दर्शाता है कि अधिकारियों ने केवल औपचारिकता निभाने के लिए लोकार्पण कर दिया था, जबकि कार्य अभी अधूरा था।अब सवाल ये है कि करोड़ों की लागत से तैयार भवन का उपयोग कब शुरू होगा? क्या शिक्षा विभाग और लोक निर्माण विभाग छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं? क्या लोकार्पण को मात्र दिखावा मान लिया जाए?

### इनका कहना है

भवन की स्थिति को लेकर हमने विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा है।बाउंड्री वॉल, सुरक्षा दीवार और मुख्य मार्ग से कनेक्टिव सड़क के निर्माण के लिए कई बार अनुरोध किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

**चैनसिंह परस्ते**
**प्राचार्य, महाविद्यालय समनापुर**

जरूरत इस बात की है कि महाविद्यालय भवन का द्वितीय निरीक्षण हो। बाउंड्री वॉल व सड़क को शीघ्र प्राथमिकता में लेकर निर्माण पूरा कराया जाए और छात्रों को सत्र 2025-26 से नए भवन में पढ़ाई का अधिकार मिले अन्यथा हड़ताल करेंगे।

**प्रवेश चौबे**
**महाविद्यालय छात्र**


**कार्यालय नगर परिषद नौरोजाबाद, जिला उमरिया (म.प्र.)**
Email ID- cmonarojabad@mpurban.gov.in

**निविदा सूचना**

नगर परिषद नौरोजाबाद में निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_440641_1 30-June-2025 | वार्ड क्रमांक 03 में एसईसीएल कैंटीन से गुडडू पान दुकान तक सीसी नाली निर्माण कार्य। **(प्रथमकाल)** | 04 Month 13,58,595.00 | 2,000.00 10200.00 | 01-Sep-2025 05:30 PM |
| 2. | 2025_UAD_440651_1 30-June-2025 | वार्ड क्रमांक 09 में दिनेश तिवारी के घर से नीलकंठ तिवारी के घर तक सड़क के दोनों ओर आरसीसी नाली कवर्ड सहित निर्माण कार्य। **(प्रथमकाल)** | 04 Month 11,64,415.00 | 2,000.00 9000.00 | 01-Sep-2025 05:30 PM |
| 3. | 2025_UAD_440666_1 30-June-2025 | वार्ड क्रमांक 10 में जगन बाबू के घर से शांति बाई कोल के घर तक सीसी सड़क निर्माण एवं सड़क के दोनों ओर आरसीसी नाली कवर्ड सहित निर्माण कार्य। **(प्रथमकाल)** | 06 Month 15,12,269.00 | 2,000.00 11500.00 | 01-Sep-2025 05:30 PM |
| 4. | 2025_UAD_440625_1 30-June-2025 | वार्ड क्रमांक 01 में सुन्दर विश्वकर्मा के घर से देव सिंह के घर सीसी सड़क निर्माण कार्य। **(प्रथमकाल)** | 04 Month 16,23,667.00 | 2,000.00 12500.00 | 01-Sep-2025 05:30 PM |
| 5. | 2025_UAD_440705_1 30-June-2025 | वार्ड क्रमांक 14 में सिद्धबाबा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। **(द्वितीयकाल)** | 06 Month 32,79,005.00 | 5,000.00 25000.00 | 18-Aug-2025 05:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद नौरोजाबाद,जिला उमरिया(म.प्र.)**